सोना-चांदी सर्वोच्च शिखर पर | चांदी ₹3,75,900 | सोना ₹1,75,100

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 196 | इंदौर, शुक्रवार 30 जनवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**वैष्णव जन तो तेने कहिये, जे पीड़ पराई जाणे रे।**

(सच्चा वैष्णव वही है, जो दूसरों के दु:ख-दर्द को समझे।)



30 जनवरी

**महात्मा गांधी निर्वाण दिवस**

श्रद्धासुमन भावपुष्प समर्पयामि

# वानिकी सम्मेलन और दो दिनी आईएफएस सर्विस मीट आज से

## सीएम करेंगे मीट का शुभारंभ, बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता और कल्चरल प्रोग्राम करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी भोपाल में वानिकी सम्मेलन एवं आईएफएस मीट-2026 का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव वन विभाग के आईएफएस थीम गीत का विमोचन कर लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड भी प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में वन, पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप सिंह अहिरवार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वीएन अंबाडे और वन अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

आईएफएस आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एचएस मोहंता ने बताया कि दो दिन तक चलतने वाले कार्यक्रम में आईएफएस अधिकारियों के साथ रिटायर्ड अधिकारी भी शामिल होंगे। इस दौरान वन विभाग की गतिविधियों और एचीवमेंट की जानकारी भी दी जाएगी।



### आज होने वाले कार्यक्रम

1. प्रशासन अकादमी में वानिकी सम्मेलन और मीट का शुभारंभ।
2. मीट के शुभारंभ के बाद भारतीय वन प्रबंधन संस्थान में वानिकी सत्र के अंतर्गत पहले सेशन में एक्सपर्ट द्वारा प्रजेंटेशन।
3. दूसरे सत्र में वन संरक्षक बालाघाट द्वारा कल्पतरु केस स्टडी पर प्रजेंटेशन।
4. संचालक वन विहार द्वारा विजन 2047 पर प्रजेंटेशन।
5. मंडल प्रबंधक छिंदवाड़ा द्वारा चंदन पौधरोपण पर प्रजेंटेशन।
6. वानिकी प्रश्नोत्तरी और सवाल-जवाब।
7. चित्रकला प्रतियोगिता में नर्सरी के केजी द्वितीय, कक्षा एक से चौथी और पांचवीं से आठवीं के बच्चे शामिल होंगे।
8. फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता-कक्षा एक तक के बच्चों के लिए।
9. सांस्कृतिक कार्यक्रम।
10. कल होने वाले कार्यक्रम
11. खेलकूद प्रतियोगिता-स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स मैनिट
12. सांस्कृतिक कार्यक्रम-भारतीय वन प्रबंधन संस्थान
13. रात्रि भोज-भारतीय वन प्रबंधन संस्थान

ग्वालियर में भीषण हादसा

## कोहरे के बीच ट्रक ने कार को मारी टक्कर, एक ही परिवार के चार की मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** ग्वालियर में घने कोहरे के बीच भीषण सड़क हादसा हो गया। भिंड रोड हाईवे पर बंटू ढाबा के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। जानकारी के अनुसार सभी मृतक एक ही परिवार के सदस्य थे और भिंड जिले के निवासी बताए जा रहे हैं। परिवार भिंड से ग्वालियर की ओर जा रहा था। सुबह करीब 8 बजे जैसे ही उनकी कार बंटू ढाबा के पास पहुंची, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कार को रौंद दिया। टक्कर के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के दाहिने हिस्से में झाड़ियों में जा घुसा। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने चारों शवों को कार से बाहर निकालकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 1.17 लाख किसानों को अंतरित की 200 करोड़ रुपए की भावांतर राशि

# भावांतर भुगतान योजना किसानों की तपोसाधना और समर्पण का सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मौसम कोई भी हो, किसानों को हमेशा अपने खेत-खलिहान की ही चिंता रहती है। फसल अच्छी हो, तो पूरे साल की हरियाली... पर किसी वजह से कम पैदावार हो जाए, कीड़ा लग जाए, ओला-पाला से फसल खराब हो जाए, तो फिर पूरे साल का सूखा। अब ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। किसान हमारे अन्नदाता हैं, इन्हें कोई भी परेशानी हो, कठिनाई हो, तो हमारी सरकार किसानों का संबल और इनकी ढाल बनकर हमेशा साथ खड़ी है। किसान हमारी संस्कृति का आधार हैं, हमारी धरोहर हैं और प्रदेश की अर्थव्यवस्था के वास्तविक कर्णधार हैं। किसानों की जिंदगी बेहतर बनाना, इनके खेत, खलिहानों और घरों में समृद्धि लाना ही हमारा एकमात्र ध्येय है। किसानों की समृद्धि में ही प्रदेश की समृद्धि है। सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना किसानों के जीवन में समृद्धि लाने के लिए सरकार का प्रयास है। यह योजना किसानों के कठिन




तप, साधना और समर्पण का सम्मान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ में 'अन्नदाता सम्मान समारोह' को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना की अंतिम किश्त के रूप में प्रदेश के 1 लाख 17 हजार किसानों के खातों में लगभग 200 करोड़ रुपए की भावांतर राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि योजना के प्रारंभ से अब तक 7 लाख 10 हजार से अधिक किसानों को हमारी सरकार लगभग 1500 करोड़ रुपए की भावांतर राशि सोयाबीन उत्पादक किसानों को दे चुकी है। आज जिन किसानों को भावांतर की राशि मिली है, उसमें मंदसौरजिले के किसान भी शामिल हैं। मंदसौर जिले के 27 हजार से अधिक किसानों को लगभग 43 करोड़ रुपए की भावांतर राशि मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भावांतर योजना में मंदसौर जिले के 5 किसान श्री रघुवीर सिंह को 95 हजार रुपए, श्री मुकेश पाटीदार को 73 हजार रुपए, श्री ओमकार सिंह को 64 हजार रुपए सहित श्री रामदयाल और श्री जगदीशचंद्र पाटीदार को भी भावांतर राशि के चेक भी सौंपे।

### सबसे पहले लागू की भावांतर योजना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश, देश का पहला ऐसा राज्य है, जिसने किसानों के हित में सबसे पहले भावांतर की राशि को शासकीय व्यवस्था से भुगतान करने की योजना लागू की। इस योजना से प्रदेश के सोयाबीन उत्पादक किसानों को उनकी फसल का पूरा दाम मिला है। । उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की पहचान किसानों के पसीने, उनके धैर्य और अटूट परिश्रम से ही है। हम हर अन्नदाता को उसकी मेहनत का पूरा दाम दिलाएंगे।

### अगले 5 साल में देंगे ढाई लाख नई नौकरियां

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के युवाओं को एक लाख नौकरियां देने का वादा किया था। इसमें से अब तक 60 हजार पदों पर भर्ती की जा चुकी है। अगले 5 साल में प्रदेश के ढाई लाख पदों पर नई नौकरियां दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि मंदसौर और नीमच में मेडिकल कॉलेज पहले ही बन चुके हैं। बहनों को रोजगार से जोड़ने के लिए हमने मंदसौर को नर्सिंग कॉलेज की सौगात भी दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की सभी पात्र महिलाओं को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिल रहा है। हमारी सरकार ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की राशि बढ़ाकर 1500 रुपए की है। बहनों को हर माह यह राशि उनके खातों में ट्रांसफर की जा रही है। प्रदेश की धरती पर भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण से जुड़े सभी स्थानों को हम तीर्थ के रूप में विकसित कर रहे हैं।

# बीआरटीएस तोड़ने के लिए दो पैकेज में टेंडर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बीआरटीएस की रैलिंग और बस स्टॉप नगर निगम के लिए बड़ी समस्या बन चुके हैं। कोर्ट की लगातार फटकार के बाद अब नगर निगम ने बीआरटीएस के बस स्टॉप और रैलिंग तोड़ने के लिए दो अलग-अलग पैकेज में टेंडर जारी किए हैं। निगम को इस प्रक्रिया से डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक की आय होने की उम्मीद है। यदि किसी ठेकेदार की ओर से रुचि नहीं दिखाई जाती है तो नगर निगम खुद इस कार्य को अंजाम देगा।**



नगर निगम अधिकारियों के अनुसार बीआरटीएस के ढांचे को हटाने से निगम को अच्छी खासी आय हो सकती है। इसके लिए निरंजनपुर से लेकर राजीव गांधी प्रतिमा तक की रैलिंग और बस स्टॉप को तोड़ा जाना प्रस्तावित है। इस पूरे कार्य से निगम को करीब डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक की आमदनी होने का अनुमान है। इससे पहले भी नगर निगम ने बीआरटीएस की रैलिंग तोड़ने का कार्य एक ठेकेदार को सौंपा था, लेकिन ठेकेदार अधूरा काम छोड़कर फरार हो गया। मामले में लापरवाही और देरी को लेकर कोर्ट ने भी नगर निगम अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई थी। जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर ने बताया कि जो भी फर्म यह ठेका लेगी, उसे 60 दिन के भीतर पूरा काम करना होगा। यदि टेंडर प्रक्रिया में कोई भी ठेकेदार सामने नहीं आता है, तो नगर निगम अपने संसाधनों से यह कार्य शुरू करेगा। स्टेडियम क्षेत्र में पहले भी निगम ने इसी तरह अपने स्तर पर बस स्टॉप तोड़ने का काम कराया था।

# एमडी ड्रग्स मामले में फरार बदमाश पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर क्राइम ब्रांच ने एमडी ड्रग्स की तस्करी के मामले में फरार बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। टीम को उसकी लंबे समय से तलाश थी। वह पहले भी मारपीट, चोरी और आर्म्स एक्ट के मामलों में 5 बार गिरफ्तार हो चुका है। टीम उससे पूछताछ कर जानकारी निकाल रही है।**

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और उनकी गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई लगातार की जा रही है। इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच ने दिसंबर 2025 में गिरफ्तार आरोपी समीर हुसैन से मिली जानकारी और मुखबिर की सूचना के आधार पर फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ाए आरोपी का नाम मोहसिन हुसैन निवासी चंदन नगर है, जो काफी वक्त से फरार चल रहा था। वह मादक पदार्थ अन्य जिलों से खरीदकर इंदौर में सप्लायरों को उपलब्ध करवाता था। इस प्रकरण में पूर्व में पकड़ाए आरोपी से 11.90 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई थी। पकड़ाया आरोपी फर्नीचर रिपेयरिंग का काम करता है और 10वीं तक पढ़ाई की है। टीम आरोपी से पूछताछ कर जानकारी निकाल रही है कि वह कहां से माल लेकर आता था और किन-किन लोगों को सप्लाई करता था।

# एलिवेटेड कॉरिडोर को लेकर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और विशेषज्ञों की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

## अगली बैठक 7 फरवरी को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के पुराने एबी रोड के एलिवेटेड कॉरिडोर को लेकर आज नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और विशेषज्ञों की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुयी। इस बैठक में उपस्थित सभी जनों ने अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये। बैठक में बताया गया कि अगली बैठक 7 फरवरी को आयोजित की जायेगी। जिसमें एलिवेटेड कॉरिडोर के स्वरूप, लंबाई और चौड़ाई को लेकर अंतिम रूपरेखा के संबंध में चर्चा होगी।**



बैठक में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, विधायक सर्वश्री महेन्द्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, मधु वर्मा तथा श्री गोलू शुक्ला, श्री सुमित मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी और विशेषज्ञ मौजूद थे।

बैठक में मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि एलिवेटेड कॉरिडोर का स्वरूप, लंबाई और चौड़ाई भविष्य की आवश्यकता को देखते हुए तय की जायेगी। इसके लिये धनराशि की कमी नहीं आने दी जायेगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में विशेषज्ञों और अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों से भी सुझाव लिये जा रहे हैं। बैठक में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने कहा कि एलिवेटेड कॉरिडोर समय की जरूरत है। भविष्य की आवश्यकता को देखते हुए इसका विस्तार किया जाना चाहिये। बैठक में सांसद श्री शंकर लालवानी ने कहा कि विशेषज्ञों से सुझाव प्राप्त कर कॉरिडोर को वैज्ञानिक और तकनीकी आधार पर उपयोगी बनाया जाये। बैठक में महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने पब्लिक यूटिलिटी की समयसीमा में स्थानांतरित करने पर जोर दिया। बैठक में कॉरिडोर को बेहतर तथा उपयोगी बनाये जाने के संबंध में अनेक विशेषज्ञों ने अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये। बैठक में इस रोड पर मेट्रो के संचालन तथा मेट्रो के निर्माण के लिये प्रावधान रखने के संबंध में भी चर्चा की गई।

# साढ़े पांच करोड़ की लागत से सांवेर में विकास कार्यों की सौगात मिली

- ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन, आजीविका भवन, तालाब सौन्दर्यीकरण और सार्वजनिक पार्क निर्माण से विकसित भारत का स्वप्न पूरा होगा - मंत्री श्री सिलावट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि सांवेर विधानसभा की 110 ग्राम पंचायतों में एक हजार करोड़ रूपये से भी ज्यादा राशि के विकास कार्य हो गए हैं। सांवेर में विकास के पंख लगे हैं, जिससे सभी वर्गों को लाभ हो रहा है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सांवेर नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। वर्तमान में मुख्यमंत्री द्वारा साढे पांच करोड़ रूपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों की सौगातें मिली है, जिसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूँ।

सांवेर विधानसभा में लगभग साढ़े पांच करोड़ रूपये की लागत से 30 से अधिक ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन, आजीविका भवन, तालाब सौन्दर्यीकरण, सार्वजनिक पार्क, शेड निर्माण, शौचालय, श्मशान घाट, विद्यालयों में नवीन कक्ष, अनुसूचित जाति छात्रावासों में विभिन्न विकास कार्यों होंगे।

मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि सांवेर के ग्राम पंचायत धनखेडी, हरियाखेडी, बावलियाखुर्द, गारिया, कैलोदहाला, गारी पिपलिया में 90 लाख रूपये के सामुदायिक भवन बनाये जायेंगे, वहीं ग्राम पंचायत पंचडेरिया, बावलियाखेडी, जैतपुरा, टाकुन, कदवाली बुजुर्ग, बुढी बरलाई में 90 लाख रूपये के आजीविका भवन, ग्राम पंचायत पंचडेरिया, बसान्द्रा, माताबरोडी, मण्डोद, कदवाली बुजुर्ग, लसुडिया परमार, सुल्लाखेडी, झलारिया, बुरानाखेडी, कम्पेल, शिवनी में एक करोड़ दस लाख के तालाब सौन्दर्यीकरण के कार्य होंगे। ग्राम पंचायत चन्द्रावतीगंज, अजनोद, कछालिया और बुढी बरलाई में एक करोड़ रूपये के सार्वजनिक पार्कों का निर्माण होगा।

**राजा रघुवंशी के हत्यारे का दिमाग 'डिकोड'**

**इंदौर।** वैसे हनीमून का मतलब खुशियों का आगाज होता है। लेकिन जब सेहरे की चमक और विदाई की शहनाई के तुरंत बाद मौत अपनी दस्तक दे दे, तो वह हनीमून नहीं, बल्कि एक 'खूनी साजिश' बन जाता है। इंदौर के राजा रघुवंशी शादी के बाद हनीमून के लिए पत्नी संग शिलांग गए थे। यह उसकी जिंदगी का सबसे हसीन सफर था, लेकिन नियती को कुछ और ही मंजूर था। यह सफर उसकी जिंदगी का आखिरी सफर साबित हुआ। एक ऐसा सफर जिसमें राजा के साथ प्यार, धोखा और मौत तीनों सफर कर रहे थे। साल 2025 में हुए इस हादसे ने ना सिर्फ इंदौर, बल्कि पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। यह केस अब एक बार फिर से चर्चा में है। इसकी वजह है हाल ही में रिलीज हुई एक वेब सीरीज, जिसने इस केस के पन्नों को दोबारा पलट दिया है। इस सीरीज का एक पूरा एपिसोड राजा और सोनम रघुवंशी मामले पर है, जिसमें न केवल अपराध की क्रूरता को दिखाया गया है, बल्कि कुछ ऐसे पहलुओं को भी सामने लाया गया है, जो अब तक पुलिस फाइलों के बीच दबे हुए थे।

**बहन से दोस्ती का शक...**

# 12वीं के छात्र का कपड़े उतरवाकर बनाया वीडियो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में 18 वर्षीय छात्र के साथ मारपीट, अपमानित करने और धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। लड़की से दोस्ती को लेकर छात्र को लड़की के भाई सहित उसके 6 दोस्तों ने बेरहमी से पीटा, कपड़े उतरवाए और वीडियो बनाकर उसे लंबे समय तक डराते-धमकाते रहे।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित एक निजी स्कूल में कक्षा 12वीं का छात्र है। वह आरोपी करण पंडित की बहन के साथ पढ़ता है और दोनों के बीच दोस्ती थी। इसी बात को लेकर आरोपी करण पंडित को शक था। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि 4 अक्टूबर 2025 को करण पंडित ने अपने साथियों के साथ उसे सिटी जिम खाना के पास वाली गली में रोका। वहां सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। इसके बाद उसे जबरन एक कमरे में ले जाया गया, जहां उसके कपड़े उतरवाकर उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। इस दौरान आरोपियों ने मोबाइल से वीडियो भी बना लिया। आरोपियों ने छात्र को धमकाया कि अगर उसने किसी को कुछ बताया तो वीडियो वायरल कर दिया जाएगा, जिससे उसकी सामाजिक बदनामी होगी और उसे आत्महत्या जैसा कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ेगा। डर के कारण छात्र लंबे समय तक चुप रहा और आरोपियों के अनुसार चलता रहा। कुछ दिन पहले आरोपियों ने वीडियो वायरल कर दिया, जिससे छात्र के पिता को इस बारे में जानकारी मिली। बुधवार को पूछताछ करने पर पीड़ित ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी परिवार को दी, जिसके बाद जूनी इंदौर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर करण पंडित पुत्र मुकेश पंडित और उसके पांच नाबालिग दोस्तों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। इसके बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को हिरासत में ले लिया। अब उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और डिजिटल साक्ष्यों की भी पड़ताल की जा रही है।

# आयुक्त ने किया भागीरथपुरा का निरीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने गुरुवार सुबह 6:30 बजे भागीरथपुरा का दौरा किया और रहवासियों से चर्चा की। इस दौरान आयुक्त ने तारा मेडिकल, नई बस्ती, एमआर 4 रोड और मंदिर क्षेत्र के आसपास नगर निगम द्वारा कराए जा रहे नर्मदा जल प्रदाय लाइन एवं ड्रेनेज लाइन के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य जल्दी और गुणवत्ता पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।**



आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप समयसीमा में पूर्ण किए जाएं तथा कार्यस्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए। वहां बैरिकेडिंग एवं चेतावनी संकेत लगाएं। ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने क्षेत्रीय निवासियों से संवाद भी किया। उन्होंने रहवासियों से पेयजल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली एवं नगर निगम द्वारा वॉटर टैंकर के माध्यम से जल प्रदाय किए जाने की व्यवस्था के संबंध में फीडबैक लिया। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जब तक स्थायी जल आपूर्ति व्यवस्था सुचारु नहीं हो जाती, तब तक क्षेत्र में नियमित रूप से टैंकरों के माध्यम से पर्याप्त जल उपलब्ध कराया जाए। आयुक्त ने जोन क्रमांक 4 संगम नगर जोनल कार्यालय के पास से हटाई गई पेयजल टंकी स्थल का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने तोड़ी गई टंकी का मलवा हटाते हुए आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त आशीष पाठक, कार्यपालन यंत्री अश्विन जनवदे, लक्ष्मीकांत वाजपेई, झोनल अधिकारी आनंद रैदास सहित निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दूषित पानी से बीमार बुजुर्ग की हालत नाजुक, राहुल गांधी भी मिले थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से बीमार पड़े लोगों में से 5 अब भी अस्पताल में एडमिट हैं। इनमें से तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। 72 वर्षीय एकनाथ सूर्यवंशी को अस्पताल में भर्ती हुए आज पूरा एक महीना हो गया है। वे पिछले 25 दिन से वेंटिलेटर पर हैं। इतने दिनों में भी हालत में सुधार न होने के कारण परिजनों ने उन्हें अब घर ले जाने का निर्णय लिया है। ये वही मरीज है, जिन्हें देखने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी बॉम्बे हॉस्पिटल पहुंचे थे।

सूर्यवंशी को उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद 29 दिसंबर 2025 को शैल्बी हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था। जहां हालत बिगड़ने पर उन्हें 3 जनवरी 2026 को बॉम्बे हॉस्पिटल शिफ्ट किया गया था। बॉम्बे हॉस्पिटल ने अगले ही दिन (4 जनवरी को) उन्हें वेंटिलेटर पर शिफ्ट कर दिया था। सूर्यवंशी की दोनों किडनियां फेल हो चुकी हैं और लिवर भी खराब हो गया



है। उनके हार्ट और ब्रेन पर भी असर हुआ है। सूर्यवंशी जल संसाधन विभाग में 1983 से दैनिक वेतन भोगी के रूप में कार्यरत थे। कई सालों बाद उन्हें स्थायी किया गया था। उस समय उनका वेतन 18 हजार रुपए था, लेकिन पेंशन सहित अन्य लाभ नहीं मिले। इसी को लेकर हाई कोर्ट में मामला चल रहा है। उनकी पत्नी शकुंतला (63) हार्ट पेशेंट हैं। दो बहनें हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। बेटा नीलेश खुद ऑटो ड्राइवर है। रोज करीब ढाई सौ रुपए किराए पर रिक्शा चलाता है। अस्पताल का इलाज भले ही प्रशासन करा रहा है, लेकिन उनकी खुद की कमाई पूरी तरह बंद हो गई है। उनके दो छोटे बच्चे हैं, जो स्कूल जाते हैं। बच्चों की फीस और परिवार के रोजमर्रा के खर्चों को लेकर परेशानी बनी हुई है। अभी यह भी साफ नहीं है कि पिताजी की हालत कब ठीक होगी। एकनाथ की तरह ही पार्वती बाई भी अस्पताल में वेंटिलेटर पर हैं, जिनका इलाज चल रहा है। इधर अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि दोनों मरीजों के मल्टी ऑर्गन फेल्यूअर हैं और पहले की भी बीमारियां हैं। अस्पताल में पार्वतीबाई, अनिता कुशवाह और अशोक मौर्य भी आईसीयू में एडमिट हैं और उनकी हालत खराब है। एक अन्य मरीज अरबिंदो अस्पताल में एडमिट है। इस हादसे में अब तक 450 लोगों को एडमिट किया जा चुका है, जिनमें से अभी पांच मरीज एडमिट हैं। इनमें से तीन की हालत गंभीर है।

राजपूत समाज का 18वां मिलन समारोह

## राजपूत निमाड़ विकास परिषद व युवा राजपूत सम्राट सेना का मिलन समारोह 1 फरवरी को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** हर वर्ष की तरह इस साल भी युवा राजपूत सम्राट सेना, इंदौर का वार्षिक पारिवारिक मिलन समारोह रविवार 1 फरवरी को आयोजित किया गया है, जिसमें राजपूत समाजजनों के साथ ही अन्य गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। जानकारी देते हुए सेना के मीडिया प्रभारी गोविंद सिंह सिसोदिया ने बताया कि सभी समाजजनों को एकजुट करने के लिए राजपूत निमाड़ विकास परिषद, व सम्राट सेना के द्वारा न्याय नगर पुलिया के समीप राजपूत धर्मशाला में यह मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है। आयोजन को लेकर सेना के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा कई दिनों से तैयारियां की जा रही है, जो अब अंतिम चरण में है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ माला ठाकुर जी, समाज के संरक्षक मोहन सिंह संगर जी, करणी सेना इंदौर जिला अध्यक्ष ऋषिराज सिंह सिसोदिया जी, पूर्व पार्षद संतोष सिंह गौर जी, (पप्पू सिंह ठाकुर जी) हिंदूवादी नेता मानसिंह राजावत जी, करणी सेना खंडवा जिला अध्यक्ष पंकजराज सिंह पुरनी जी, दिपेन्द्रसिंह सोलंकी जी, टाइगर मंच से राजेश सिंह ठाकुर जी,शामिल होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आयोजन की शुरूआत होगी। वहीं पुरस्कार वितरण के पश्चात सभी समाजजनों के लिए स्नेहभोज भी रखा गया है। सेना के संभागीय अध्यक्ष डॉ भरत सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष दिलावर सिंह निकुम,व सभी पदाधिकारियों ने समाजजनों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

## होटल में नाबालिग लड़की मिली, बजरंग दल ने किया हंगामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राऊ इलाके की एक होटल में बुधवार को बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुंचे। यहां एक हिंदू नाबालिग लड़की को वर्ग विशेष की आईडी पर ठहराया गया था। उसके साथ वर्ग विशेष का एक युवक भी मौजूद था।



लड़की को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया, जबकि युवक को पुलिस के हवाले किया गया है। उस पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है। वहीं बजरंग दल के लोगों ने होटल मालिक पर भी कार्रवाई की मांग की है। बजरंग दल के पप्पू कोचले और प्रदीप ठाकुर को सूचना मिली थी कि वर्ग विशेष का युवक रेहान शेख जार्डन होटल में एक नाबालिग हिंदू लड़की को बहला-फुसलाकर लाया है। आरोप है कि वह यहां उसके साथ अश्लील हरकत करने और उसका शोषण करने की कोशिश कर रहा था। होटल में लड़की के नाम के स्थान पर महक खान नाम की अन्य लड़की की आईडी लगाई गई थी। सूचना मिलने के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ता होटल पहुंचे और युवक को पकड़कर थाने ले गए। पप्पू कोचले ने बताया कि होटल के कमरे से रेहान के पास से सेक्स पावर की गोलियां और अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई है। लड़की से उसके परिवार की जानकारी लेकर परिजनों को थाने बुलाया गया, जिसके बाद लड़की को परिवार के सुपुर्द कर दिया गया। लड़की ने बताया कि वह पहले भी कई बार रेहान के साथ थाने जा चुकी है। बजरंग दल के अंकित कुशवाह, लेखराज गेहलोत और अन्य कार्यकर्ताओं ने होटल के बाहर प्रदर्शन करते हुए उसे सील करने की मांग की। उनका आरोप है कि होटल की ओर से ही रेहान को फर्जी आईडी उपलब्ध कराई गई थी। इस मामले में कलेक्टर और पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन देने की बात भी कही गई है।

# अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार कॅरियर का चुनाव करें

## शासकीय नेहरू नगर कन्या उमावि इंदौर में कॅरियर काउंसलिंग कार्यशाला सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जिंदगी अनमोल है, आवश्यकता इस बात की है कि इसे नियोजित कर अपने सपनों को साकार किया जाए। जो विद्यार्थी अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार अपने शैक्षणिक पाठ्यक्रमों का चुनाव करते है, वे केवल शिक्षा जगत में ही नहीं अपने जीवन के कार्यक्षेत्र में नई ऊँचाई को छूते देखे गए हैं। वे कार्य के दौरान न तो थकते है न असफल होते है । ऐसे लोग अपने कार्यक्षेत्र में नीत नवीन सफल प्रयोग कर समाज के सामने अपनी पहचान बनाते है।

उक्त विचार शासकीय नेहरू नगर कन्या उमावि इंदौर में आयोजित कॅरियर काउंसलिंग कार्यशाला में कॅरियर काउंसलर दीपक हलवे ने रखे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि दैनिक समाचार पत्रों को अपने शैक्षणिक पाठ्यक्रम का ही हिस्सा माने। समाचार पत्र आपके निर्धारित लक्ष्यों तक पहुंचने का रास्ता दिखाते है। न जाने कौनसी खबर आपकी जिंदगी को सार्थक कर देगी कहा नहीं जा सकता । उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को माता पिता और अपने





गुरुजनों का प्रिय बनकर आगे बढ़ना होगा। सदैव चौकन्ने रह कर सीखना होगा। इस अवसर पर विद्यालय में तेजस्वी योजना अंतर्गत योजना की जिला नोडल अमृता सोलंकी के मार्गदर्शन में छात्राओं द्वारा स्वनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शिनी भी लगाई गई थी । जिसमें निर्मित उत्पाद सराहनीय थे। कार्यक्रम में श्री राजू मेहरा, अर्चना शर्मा एवं विक्रम क्षीरसागर ने भी अपने विचार रखे।

14 आईपीएस के तबादले

# उमेश जोगा परिवहन आयुक्त, भोपाल पुलिस कमिश्नर की कमान संजय कुमार को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश शासन के गृह विभाग ने भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले एवं नवीन पदस्थापन को लेकर आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार पुलिस मुख्यालय भोपाल सहित विभिन्न जोन, विशेष इकाइयों और विभागों में पदस्थ अधिकारियों की नई पदस्थापना की गई है। उज्जैन जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक 1997 बैच के उमेश जोगा की सेवाएं परिवहन विभाग को सौंपते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक/ परिवहन आयुक्त मध्यप्रदेश बनाया गया है। वहीं, भोपाल जिला नगरीय पुलिस आयुक्त भोपाल 2004 बैच के आईपीएस संजय कुमार को बनाया गया है। वे अभी बालाघाट जोन के पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पदस्थ थे। वहीं, भोपाल पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र को पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिरीक्षक (एससीआरबी) बनाया गया है। इसके अलावा आदेश के अनुसार 1992 बैच के आईपीएस पंकज कुमार श्रीवास्तव को विशेष पुलिस महानिदेशक, सीआईडी एवं विशेष पुलिस महानिदेशक, सतर्कता पुलिस मुख्यालय भोपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। 1994 बैच के आईपीएस अंतत कुमार सिंह को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के बाद राज्य में कार्यभार ग्रहण करने पर विशेष



पुलिस महानिदेशक/ प्रबंधक संचालक मध्य प्रदेश पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन बनाया गया है। 1995 बैच के आईपीएस केपी वेंकटेश्वर राव को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं तथा एंटी नक्सल ऑपरेशन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

1997 बैच के आईपीएस डी श्रीनिवास वर्मा को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नारकोटिक्स एवं एसटीएफ पुलिस मुख्यालय भोपाल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 1998 बैच के आईपीएस और परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा की परिवहन विभाग से सेवाएं वापस लेकर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पीटीआरआई पुलिस मुख्यालय में पदस्थ किया है। इस बैच के आईपीएस और पुलिस मुख्यालय में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अंशुमन यादव की सेवाएं खेल एवं युवक कल्याण विभाग को सौंपते हुए संचालक खेल एवं युवक कल्याण बनाया गया है। वहीं, 1999 बैच के आईपीएस एवं संचालक खेल एवं युवक कल्याण राकेश गुप्ता को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उज्जैन जोन बनाया गया है। 2002 बैच के आईपीएस अभय सिंह को पुलिस महानिरीक्षक (योजना) पुलिस मुख्यालय भोपाल पदस्थ किया गया है। वहीं, 2004 बैच के आईपीएस एवं पुलिस महानिरीकक्षक (योजना) पुलिस मुख्यालय संजय तिवारी को पुलिस महानिरीक्षक भोपाल (देहात) जोन, 2006 की आईपीएस सुश्री चैत्रा एन को पुलिस महानिरीक्षक शहडोल जोन, 2008 बैच के आईपीएस ललित शाक्यवार को पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट जोन बनाया गया है।

# बाइक की चाबी निकाली तो भड़के विधायक के भाई

## सिपाही से बोले- तू गाड़ी लेकर घर आएगा...; सिपाही ने कहा- वर्दी यहीं उतारूं क्या, हम जनता के नौकर हैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी, एजेंसी।** नरवर थाने के सामने गुरुवार को वाहन चेकिंग के दौरान करैरा विधायक के भाई और पुलिस के बीच झड़प हो गई। इसका वीडियो वायरल हो गया।

गुरुवार को पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान भाजपा विधायक रमेश खटीक के शिक्षक भाई भागचंद खटीक बाइक से अपने साथी के संग थाने के बाहर पहुंचे। विधायक के भाई खुद बिना हेलमेट बाइक चला रहे थे। उन्होंने किसी दूसरे व्यक्ति की गाड़ी छुड़वाने की बात की तो पुलिसकर्मी ने हाथ जोड़ते हुए अधिकारी से बात करने को कहा। इस पर भागचंद ने अपने परिचित व्यक्ति से कहा कि गाड़ी उठा और चल। तभी सिपाही परमल कुशवाह ने भागचंद की बाइक की चाबी निकाल ली। इस पर भागचंद भड़क उठे और सिपाही से कहा कि तू कानून जानता है, गाड़ी की चाबी कैसे निकाली। भागचंद ने गुस्से में सिपाही के हाथ से चाबी छीनने का प्रयास किया। इस बीच सिपाही ने गाड़ी अंदर थाना परिसर में फेंक दी। सिपाही ने



कहा कि गाड़ी को अंदर रख लेता हूं तो भागचंद ने भड़कते हुए कहा कि तू गाड़ी घर लेकर आएगा। यह सुनकर आरक्षक रामवीर बघेल ने कहा कि गाड़ी घर नहीं ला रहे, चाहे तुम फांसी लगा दो। वर्दी यहीं उतारूं क्या। इतना दबाव न बनाएं। मैं किसी का नौकर नहीं, जनता का नौकर हूं। हालांकि बाद में मामला शांत हो गया।

पहले हमारे साथी टीचर की गाड़ी पकड़ ली। मैं आया तो मेरी गाड़ी की भी चाबी निकाल ली। हमने कहा कि चालान भर देंगे। हालांकि मामला शांत हो गया। ऑनलाइन चालान का मैसेज आ गया है।'

**- भागचंद खटीक**

चेकिंग के दौरान विधायक के भाई की गाड़ी पुलिसकर्मियों ने रोक ली थी। चालानी कार्रवाई की है।'

**- विनय यादव, टीआई, नरवर**

## ई-कार्ट से लोक का किया भ्रमण, यज्ञशाला में दी पूर्ण आहुति

# सीएम ने किया पशुपतिनाथ लोक का लोकार्पण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को मंदसौर में पशुपतिनाथ लोक का लोकार्पण किया। प्रथम चरण में लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस लोक के लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री ने सबसे पहले पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में पूर्व एवं वर्तमान स्वरूप को दर्शाने वाली चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर परिसर में पालकी में रजत प्रतिमा के रूप में विराजित भगवान पशुपतिनाथ की पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात उन्होंने ई-कार्ट में बैठकर पशुपतिनाथ लोक का भ्रमण किया और इसकी भव्यता की सराहना की। मुख्यमंत्री ने 22 फीट ऊंचे त्रिनेत्र रुद्राक्नी का अनावरण भी किया। इसके मध्य स्थापित रुद्राक्ष भगवान शिव के



त्रिनेत्र स्वरूप का दिव्य आभास कराता है। एमपी थिएटर परिसर स्थित यज्ञशाला में मुख्यमंत्री ने मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में पूर्णाहुति दी। पशुपतिनाथ लोक मंदसौर की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जिसे और अधिक भव्य स्वरूप प्रदान किया गया है। शिवना नदी के तट पर स्थित यह लोक अब पहले की तुलना में अधिक आकर्षक और मनोहारी बन गया है। चार प्रवेश द्वारों के माध्यम से श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही सुनिश्चित की गई है।

### ओपन एयर थिएटर बनाया

श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पशुपतिनाथ लोक में ओपन एयर थिएटर का निर्माण किया गया है, जहां सांस्कृतिक एवं रंगमंचीय कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे। अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन पर सुविधा के लिए प्रतीक्षालय की व्यवस्था की गई है। आपात परिस्थितियों के लिए प्राथमिक चिकित्सा कक्ष भी बनाया गया है। मंदिर परिसर में शिव-लीलाओं पर आधारित आकर्षक म्यूरल वॉल तथा पशुपतिनाथ महादेव प्रतिमा के इतिहास पर आधारित पेंटिंग्स श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करती हैं।

### पूरा परिसर तीर्थनगरी बना

पशुपतिनाथ लोक में सत्संग भवन, उद्यान, शिव स्तंभ, म्यूरल वॉल, सेल्फी प्वाइंट और सुव्यवस्थित पाथवे का निर्माण किया गया है, जिससे पूरा परिसर तीर्थनगरी के रूप में विकसित हुआ है।

# मप्र के 17 वर्षीय जिम्नास्ट की 14 दिन बाद मौत

## वार्मअप करते समय सिर के बल गिरा था; परिजन बोले- कोच-मैनेजर अस्पताल में छोड़कर लौटे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। मध्यप्रदेश टीम की ओर से कोलकाता गए उज्जैन के 17 वर्षीय जिम्नास्ट उजैर अली की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिम्नास्टिक नेशनल चैंपियनशिप से पहले 16 जनवरी को वार्मअप के दौरान गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे।**

14 दिन तक अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझने के बाद 28 जनवरी को उन्होंने दम तोड़ दिया। परिजन का आरोप है कि कोच और मैनेजर उसे अस्पताल में छोड़कर लौट गए थे। परिवार ने बताया कि उजैर का शव फ्लाइट से इंदौर लाया जा रहा है, जहां से उसे उज्जैन पहुंचाया जाएगा। इसके बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा।

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (SGFI) की ओर से कोलकाता में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप के लिए उजैर अली 12 जनवरी को टीम के साथ रवाना हुए



थे। 16 जनवरी को प्रतियोगिता शुरू होने से पहले दोपहर करीब 1:50 बजे वह बीएनआर सेंटर में अभ्यास कर रहे थे। इसी दौरान हाथ फिसलने से वह सिर के बल जमीन पर गिर पड़े। हादसे में उन्हें गर्दन में गंभीर चोट आई, जिसके बाद उन्हें तत्काल कोलकाता के पीजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

करीब 14 दिन तक चले इलाज के दौरान उजैर की हालत गंभीर बनी रही। परिजनों का आरोप है कि हादसे के बाद कोच और मैनेजर उन्हें अस्पताल में छोड़कर लौट गए। उजैर के मामा डॉ. साकिब ने बताया कि जब परिवार के सदस्य कोलकाता पहुंचे, तब तक टीम के कोच और मैनेजर अस्पताल में मौजूद नहीं थे। उजैर की मौत के बाद उनसे संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन फोन नहीं उठाया गया।

उज्जैन की जामा मस्जिद क्षेत्र में रहने वाले मजहर अली के बेटे उजैर अली अंडर-17 जिम्नास्टिक टीम के सदस्य थे। वे बचपन से पढ़ाई के साथ जिम्नास्टिक्स का अभ्यास कर रहे थे। जिला और राज्य स्तर पर कई पदक जीत चुके उजैर को मध्यप्रदेश के टॉपर जिम्नास्ट का खिताब भी मिला था। नेशनल लेवल पर भी उनका चयन हुआ था।

कोलकाता जाने वाली टीम के मैनेजर रामसिंह बनिहार ने अपने ऊपर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताया है। उन्होंने कहा कि हम लोग 12 जनवरी को टीम अंडर-17, 19 टीम के 43 बच्चों को लेकर कोलकाता पहुंचे थे। वहां 15,16 और 17 जनवरी को तीन दिन प्रतियोगिता थी। 16 जनवरी को बीएनआर सेंटर में जिम्नास्टिक की प्रतियोगिता 2 बजे से थी। उससे 10 मिनट पहले उजैर वार्मअप कर रहे थे, इस दौरान वे सिर के बल गिर गए और घायल हो गए। जिसके बाद उन्हें वहां के पीजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

एमआरआई में डॉक्टर ने कॉम्प्लिकेटेड बताया। परिवार वालों को इस बात की जानकारी दी गई थी। रात को एक बजे कोच सुन्दर लाल अस्पताल पहुंच गए। मेरी उनसे मुलाकात हुई। होटल मैंने उनको छोड़ा, सुबह 10 बजे हमारी गाड़ी थी। दूसरे दिन मुझे टीम वापस लेकर आना था। कुल 42 बच्चों की जिम्मेदारी मेरे ऊपर थी। बंगाल सरकार और एसजीएफआई ने सहयोग किया।

# गाजर के हलवे ने बिगाड़ी सेहत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** जिले के अमरवाड़ा क्षेत्र में गाजर का हलवा खाना लोगों के लिए भारी पड़ गया। रात हलवा खाने के बाद 11 लोग फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। सभी को पेट दर्द और उल्टी की शिकायत के बाद अमरवाड़ा अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर छह मरीजों को जिला अस्पताल छिंदवाड़ा रेफर किया गया है। अमरवाड़ा स्थित महालक्ष्मी बीकानेर स्वीट्स से बुधवार रात करीब 9 बजे कुछ लोगों ने गाजर का हलवा खरीदा था। हलवा खाने के कुछ समय बाद ही सभी की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। परिजन उन्हें तुरंत अमरवाड़ा अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर मरीजों को रेफर किया गया। डॉक्टरों के अनुसार अधिकांश मरीजों की हालत में सुधार हो रहा है, लेकिन एक मरीज की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। बाकी सभी खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

## संपादकीय

### ईरान-अमेरिका के बीच आर-पार की जंग की आहट

# 'अब हमला हुआ तो जवाब सीमित नहीं, विनाशकारी होगा'

ईरान ने अमेरिका को धमकी देते हुए कहा है कि किसी भी हमले का जवाब तत्काल दिया जाएगा। ईरान ने कहा है कि हमला होते ही उसके बैलिस्टिक मिसाइल अमेरिका के सैन्य ठिकाने और एयरक्राफ्ट कैरियर पर पलटवार करेंगी। ईरान की ये चेतावनी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस धमकी बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'तेहरान के लिए वक्त खत्म हो रहा है।' यूरोपीय यूनियन ने भी ईरान रिवोल्यूशनरी गाड्र्स कॉर्प्स (IRGC) को आतंकी संगठन घोषित करते हुए ब्लैकलिस्ट कर दिया है। यूरोपीय यूनियन और अमेरिका से धमकी भरी बयानबाजी के बीच UN प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने ईरान से परमाणु हथियारों को लेकर बातचीत करने का आह्वान किया है, ताकि 'एक ऐसे संकट से बचा जा सके जिसके क्षेत्र में विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं' । जबकि ईरान के सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद अकरमिनिया ने कहा है कि 'किसी भी अमेरिकी कार्रवाई पर तेहरान की प्रतिक्रिया सीमित नहीं होगी, जैसा कि पिछले साल जून में हुआ था, बल्कि इस बार ईरान निर्णायक प्रतिक्रिया देगा और वो प्रतिक्रिया तत्काल दी जाएगी।' ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद अकरमिनिया ने कहा कि 'अमेरिका अगर ऐसा सोच रहा है कि वो एक छोटा ऑपरेशन चलाएगा और फिर दो घंटे के बाद डोनाल्ड ट्रंप ट्वीट करेंगे कि ऑपरेशन खत्म हो गया है, तो निश्चित तौर पर ऐसा नहीं होगा।' पिछले साल जून में जब ईरान और इजरायल के बीच लड़ाई चल रही थी, उस दौरान डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर अमेरिकी वायुसेना ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर बी-2 बॉम्बर्स से बंकर बस्टर बम गिराए थे। इसके बाद ईरान ने कतर स्थिति अमेरिकी सैन्य अड्डे पर हल्के प्रभाव वाले मिसाइल से हमला किया था। लेकिन इस बार ईरान ने एडवांस मिसाइलों से हमले की चेतावनी दी है। ईरान के सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद अकरमिनिया ने सरकारी टेलीविजन पर कहा कि, 'अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर में गंभीर कमजोरियां हैं और खाड़ी क्षेत्र में कई अमेरिकी ठिकाने हमारी मध्यम दूरी की मिसाइलों की रेंज में हैं।' वहीं, खाड़ी देश के एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर समाचार एजेंसी AFP को बताया है कि 'ईरान पर अमेरिकी हमले का डर बिल्कुल साफ है।' अधिकारी ने कहा कि 'अमेरिकी हमले से यह इलाका अराजकता में डूब जाएगा, इससे न सिर्फ इस इलाके की, बल्कि अमेरिका की भी अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा और तेल और गैस की कीमतें आसमान छूने लगेंगी।'

## महिला जगत

जोधपुर महिला पोलो टीम की मालकिन होने के साथ ही 22000 करोड़ की शाही विरासत को आधुनिक भारत की एक राजकुमारी संभाल रही हैं। उनका नाम शिवरंजनि राज्ये हैं जो कि ऐतिहासिक शाही परिवार की सदस्य हैं।

# कैम्ब्रिज से उमेद भवन तक, कैसे राजकुमारी शिवरंजनि राज्ये बनीं विरासत की संरक्षक



राजसी जीवन अक्सर चमक-दमक, विवाह और उपाधियों से जोड़ा जाता है। लेकिन प्रिंसेस शिवरंजनि राज्ये ने इस परंपरागत परिभाषा को तोड़ दिया। जोधपुर के उमेद भवन पैलेस के 347 कमरों में से एक में रहने वाली यह आधुनिक राजकुमारी आज 22,000 करोड़ रुपये से अधिक की पारिवारिक विरासत की संरक्षक और प्रबंधक हैं।

### कौन हैं प्रिंसेस शिवरंजनि राज्ये?

प्रिंसेस शिवरंजनि राज्ये जोधपुर के ऐतिहासिक शाही परिवार की सदस्य हैं, लेकिन उनकी पहचान केवल "राजकुमारी" भर नहीं है। वह आधुनिक भारत में उस शाही सोच का प्रतिनिधित्व करती हैं, जहाँ ताज से अधिक महत्व जिम्मेदारी और संरक्षण को दिया जाता है।

### राजकुमारी शिवरंजनि राज्ये का जीवन

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से शिक्षित शिवरंजनि राज्ये ने परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन बनाना सीखा। उन्होंने शाही पहचान को सत्ता नहीं, जिम्मेदारी के रूप में जिया। वर्ष 2005 में भाई के गंभीर हादसे के बाद उन्होंने आगे बढ़कर परिवार की विरासत संभाली, जिसमें पैलेस होटल, हेरिटेज रिसॉर्ट्स, म्यूज़ियम, सांस्कृतिक ट्रस्ट और संरक्षण परियोजनाएं शामिल हैं। अनुमानित रूप से वह 22,000 करोड़ रुपये से अधिक की पारिवारिक विरासत का प्रबंधन करती हैं।

### 347 कमरों के उमेद भवन में रहती हैं शिवरंजनि राज्ये

वह जोधपुर स्थित उमेद भवन पैलेस में रहती हैं। 347 कमरों में फैला यह भव्य महल केवल निवास नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। 50 वर्ष की उम्र में विवाह न करने का उनका निर्णय समाज की रूढ़ियों को चुनौती देता है। उन्होंने अपना जीवन व्यक्तिगत पहचान से अधिक जोधपुर की विरासत और इतिहास को संरक्षित करने के लिए समर्पित किया।

### जोधपुर गर्ल्स पोलो टीम की स्वामित्वकर्ता हैं शिवरंजनि राज्ये?

महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी उनका योगदान उल्लेखनीय है। वह जोधपुर गर्ल्स पोलो टीम की स्वामित्वकर्ता हैं और महिलाओं को पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान खेलों में आगे लाने का कार्य कर रही हैं। शिवरंजनि राज्ये की कहानी बताती है कि आज की रॉयल्टी मुकुट में नहीं, दूरदृष्टि, अनुशासन और सांस्कृतिक उत्तरदायित्व में बसती है।

New Delhi

# पी टी उषा के पति श्रीनिवासन का निधन, पीएम मोदी ने फोन कर जताया शोक

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य पी टी उषा के पति वी श्रीनिवासन का शुक्रवार को निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 67 वर्ष के थे। श्रीनिवासन शुक्रवार तड़के अपने आवास पर बेहोश हो गए, जिसके तुरंत बाद उन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। श्रीनिवासन पोंनानी के वेंगली थरवाड़ के निवासी थे और वे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में डिप्टी सुपरिंटेंडेंट (रिटायर्ड) के पद पर कार्यरत रहे थे। उन्होंने 1991 में पी टी उषा से विवाह किया था। श्रीनिवासन के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, खेल मंत्री, IOA अधिकारियों और कई पूर्व एथलीटों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।



केंद्र सरकार के पूर्व कर्मचारी श्रीनिवासन उषा के शानदार खेल करियर और राजनीतिक करियर के दौरान हमेशा उनके साथ रहे। उन्हें उषा का मजबूत संबल और उनकी कई पेशेवर उपलब्धियों के पीछे प्रेरक शक्ति माना जाता था। इस दंपति का एक बेटा है जिसका नाम उज्ज्वल है। घटना के समय पी टी उषा दिल्ली में संसद सत्र में भाग ले रही थीं और घर पर मौजूद नहीं थीं। पीएम मोदी ने इस दुखद घटना पर पी टी उषा से बातचीत में संवेदना व्यक्त की पी टी उषा भारतीय एथलेटिक्स की महानतम धावक हैं। उन्हें 'पय्योली एक्सप्रेस' और 'गोल्डन गर्ल' के नाम से भी जाना जाता है।

Telangana

बेजुबानों का नरसंहार!

## इस राज्य में 100 कुत्तों को 'मौत का इंजेक्शन', 18000 में दी गई मासूमों की सुपारी



**नागरकुरनूल, (एजेंसी)** तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले से पशु क्रूरता की एक बेहद हृदयविदारक और चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां के थिम्माइपल्ली गांव में लगभग 100 आवारा कुत्तों को कथित तौर पर जहर का इंजेक्शन देकर बेरहमी से मार दिया गया। इस घटना ने पशु प्रेमियों और स्थानीय लोगों के बीच भारी आक्रोश पैदा कर दिया है।

यह मामला तब सामने में आया जब 'स्ट्रे एनिमल फाउंडेशन ऑफ इंडिया' (NGO) की क्रूरता निवारण सहायक मुदावत प्रीति ने इस सामूहिक हत्याकांड के खिलाफ चरापाका पुलिस स्टेशन में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने 27 जनवरी को इस संबंध में FIR दर्ज की है।

शिकायत में मुदावत प्रीति ने बताया कि उन्हें अपने दायित्व के तहत सूचना मिली थी कि बीते 10 दिनों में गांव के लगभग 100 आवारा कुत्तों को जहरीले इंजेक्शन देकर मारा गया। आरोप है कि यह कृत्य गांव के सरपंच और पंचायत सचिव के निर्देश पर किया गया। मामले में एक रिकॉर्डेड कथित बातचीत भी सामने आई है, जिसमें पशु कल्याण कार्यकर्ता अड्डकापुरम गौतम और गांव के सरपंच के बीच संवाद बताया जा रहा है। इस बातचीत में सरपंच ने कथित तौर पर यह स्वीकार किया कि कुत्तों को इंजेक्शन देकर मारा गया और इसके लिए 18,000 रुपये में डॉग किलर्स को नियुक्त किया गया।

Uttarpradesh

## पति ने मजाक में कहा 'बंदरिया' तो नाराज हो गई पत्नी, फांसी लगाकर दे दी जान

**लखनऊ, (एजेंसी)** लखनऊ के इंदिरा नगर इलाके में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां पति के एक मजाक के बाद पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. राहुल श्रीवास्तव ने जब पत्नी को बुलाने के लिए कमरे का दरवाजा खटखटाया और कोई जवाब नहीं मिला, तो उसने खिड़की से झांककर देखा. अंदर पत्नी रोशनदान में कपड़े का फंदा लगाकर लटकी हुई थी. आनन-फानन में उसे फंदे से उतारकर राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मृतका की पहचान सआदतगंज लकड़मंडी की रहने वाली तनु सिंह के रूप में हुई है. तनु ने चार साल पहले इंदिरानगर तकरोही निवासी राहुल श्रीवास्तव से लव मैरिज की थी. दोनों की मुलाकात एक दोस्त के जरिए हुई थी और परिवारों की सहमति के बाद शादी हुई थी. राहुल ऑटो चालक है और दोनों इंदिरा नगर में साथ रह रहे थे. परिजनों के मुताबिक, बुधवार शाम परिवार सीतापुर से एक रिश्तेदार के घर से लौटकर आया था. घर में सभी लोग हंसी-मजाक कर रहे थे, इसी दौरान राहुल ने मजाक में तनु को 'बंदरिया' कह दिया. इस बात से तनु बेहद आहत हो गई और नाराज होकर अपने कमरे में चली गई.

Paschim bangal

# कथावाचक साध्वी प्रेम बाईसा की मौत सुसाइड या हादसा?

**जोधपुर, (एजेंसी)** राजस्थान की कथावाचक साध्वी प्रेम बाईसा की बुधवार शाम को जोधपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत के करीब चार घंटे बाद उनका एक कथित सुसाइड नोट सामने आया।

सोशल मीडिया पर पोस्ट हुए उनके कथित 'सुसाइड नोट' में जिस 'अग्निपरीक्षा' का जिक्र था, उसे 6 महीने पहले हुई एक घटना से जोड़कर देखा जा रहा है। साध्वी ने अपने ही पूर्व स्टाफ पर ब्लैकमेलिंग, चरित्र हनन और 20 लाख रुपये की फिरौती मांगने का आरोप लगाते हुए बोरानाडा थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी।

13 जुलाई 2025 को सोशल मीडिया पर साध्वी का एक वीडियो वायरल हुआ था। इस



वीडियो में वे एक व्यक्ति के गले मिलते नजर आ रही थीं। इसे अश्लील बताकर प्रचारित किया गया था। साध्वी ने 16 जुलाई को बोरानाडा थाने में इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने अपनी एफआईआर में बताया था कि वीडियो में दिखने वाला व्यक्ति उनके पिता वीरमनाथ (गुरुजी) हैं।

खेल

# यूपी वॉरियर्स को हराकर फाइनल में पहुंची आरसीबी, ग्रेस-मंधाना की शानदार साझेदारी

**वडोदरा।** स्मृति मंधाना और ग्रेस हैरिस की शानदार साझेदारी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने यूपी वॉरियर्स को आठ विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही आरसीबी की टीम ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया है, जबकि यूपी का सफर लगभग समाप्त हो गया है। हालांकि, यूपी का ग्रुप चरण का एक मैच शेष है। यूपी ने दीप्ति शर्मा के अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में आठ विकेट पर 143 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने 41 गेंदें शेष रहते हुए दो विकेट पर 147 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।



आरसीबी के लिए ग्रेस हैरिस और स्मृति मंधाना ने मजबूत शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी पूरी कर की। इन दोनों बल्लेबाजों ने यूपी वॉरियर्स के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। इस दौरान हैरिस ने अपना अर्धशतक भी पूरा किया और वह तेजी से शतक की ओर बढ़ रही थीं। हालांकि, शिखा पांडे ने हैरिस को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। हैरिस 37 गेंदों पर 13 चौकों और दो छक्कों की मदद से 75 रन बनाकर आउट हुईं। हैरिस और मंधाना ने पहले विकेट के लिए 108 रन जोड़े।

हैरिस के आउट होने के बाद मंधाना ने मोर्चा संभाला और तेजी से रन बनाए। मंधाना ने भी अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन आरसीबी ने जीत दर्ज करने से पहले जॉर्जिया वोल का विकेट गंवाया जो 15 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 16 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, मंधाना 27 गेंदों पर आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 54 रन बनाकर नाबाद रहीं। यूपी के लिए शिखा पांडे और आशा शोभना को एक-एक विकेट मिला।

यूपी के लिए दीप्ति शर्मा और मेग लेनिंग ने पारी की शुरुआत की। दोनों बल्लेबाजों ने यूपी को मजबूत शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 74 रन जोड़े। इस साझेदारी को डि क्लर्क ने लेनिंग को आउट कर तोड़ा। लेनिंग 30 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 41 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद एमी जोन्स एक रन बनाकर आउट हुईं। जोन्स को भी डि क्लर्क ने अपना शिकार बनाया। हरलीन देओल भी बड़ी पारी नहीं खेल सकीं और 14 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 14 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। यूपी वॉरियर्स की पारी अच्छी शुरुआत के बाद लड़खड़ा गई। डि क्लर्क की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से आरसीबी ने वापसी की। एक समय 70+ रन पर एक भी विकेट नहीं गंवाने वाली यूपी ने 122 रन पर पांच विकेट गंवा दिए। यूपी के लिए क्लोए ट्रियोन छह और श्वेता सहरावत सात रन बनाकर आउट हुईं। दीप्ति शर्मा हालांकि अर्धशतक पूरा करने में सफल रहीं, लेकिन वह 43 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 55 रन बनाकर आउट हुईं।

सिनेमा

## 5 महीने की प्रेग्नेंसी में झेला मिसकैरिज, बच्चा खोकर टूट गई थीं रानी मुखर्जी, खुद को कैसे संभाला?



बॉलीवुड डीवा रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी 3 सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है. इसमें एक्ट्रेस का एक बार फिर फीयरलेस अंदाज दिखेगा. रानी ने एक इंटरव्यू में बताया कैसे सिनेमा ने उन्हें अपनी लाइफ के सबसे मुश्किल फेज से आगे बढ़ने में मदद की थी. यहां एक्ट्रेस उस वक्त की बात कर रही थीं, जब उन्होंने अपना दूसरा बेबी खोया था. इस चुनौती भरे पल से सिनेमा ने रानी को बाहर निकालने में मदद की थी. रानी ने अपनी बात रखते हुए 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' का उदाहरण दिया. उनका कहना है वो हमेशा से ऐसी कहानियां चुनने की कोशिश करती हैं जो असरदार हों और समाज में बहस छेड़े. फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' उनके पास उस वक्त आई थी जब वो अपने पर्सनल लॉस से गुजर रही थीं. 2023 में आई इस मूवी ने रानी को नेशनल अवॉर्ड दिलवाया था. ये मूवी उनके पास तब आई थी जब वो दूसरे बच्चे के मिसकैरिज के दर्द से गुजर रही थीं. ये बात 2020 की है. ये भी खास वजह थी कि 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' की कहानी से वो तुरंत कनेक्ट कर पाई थीं. क्योंकि उस वक्त वो इमोशनल स्पेस में थीं. रानी ने कहा- वो जो कहानी थी, वो फिल्म मेरे पास आई थी, जब मैंने मेरा दूसरा बच्चा खो दिया था. तो उस वक्त ये मेरा सेंस ऑफ लॉस था.

## Highlights

1. **Heard her scream over phone: Brother of SWAT commando killed by husband**
2. **Speeding biker hits pedestrian in Andheri before fleeing**
3. **UP cabinet approves relocation of Hindu families displaced from East Pakistan**
4. **Shawl sellers from Kashmir asked where they're from, beaten in U'khand**
5. **Need to retain students beyond Class 8: Economic Survey**
6. **Pilot supposed to fly Ajit Pawar's plane got stuck in traffic, Sumit filled in for him: Report**

# Investing Resolutions for 2026: Let Your Money Grow With You

**NEW DEIHI, (Agency).** As 2026 begins, investors are taking a closer look at how their financial decisions have held up in a changing environment. Career paths are less linear, market conditions shift quickly, and household responsibilities evolve over time. In this context, investing cannot remain static. It needs to adapt as life itself changes.

A more useful way to think about investing is through a life-cycle lens. As life changes, so do financial priorities. What an investor needs in their early working years is very different from what they need when responsibilities peak or retirement comes into view. Across these phases, certain investment instruments tend to appear not because they promise anything, but because they help bring order to decision-making. Investment-grade bonds often fall into this category. A bond is a fixed-income instrument where you lend money to an issuer (such as a company or the government) for a defined period, in return for regular interest payments and repayment of the principal at




maturity.

Starting Out: Focus on Preparedness

The early years of earning are usually marked by optimism, learning, and the temptation to move fast. Income may be rising, but margins for error are still narrow. At this stage, investing resolutions are often less about markets and more about personal readiness.

Building a buffer for unexpected expenses and putting insurance in place are unglamorous steps, but they shape every decision that follows. Emergency funds and adequate insurance allow investors to stay invested without being forced to react to market disruptions.

Some younger investors also begin exploring different instruments, such as equities, mutual funds, and fixed-income instruments, even if allocations remain small. Fixed-income investment products such as investment-grade corporate bonds often enter portfolios at this stage, not as core holdings, but to understand how debt markets function, how issuers are assessed, and how time horizons matter. That learning tends to pay off later, when decisions become more consequential.

Mid-Career: Investing Meets Real Life

As careers settle and incomes grow, life also becomes fuller and more demanding. Higher Rents, Vehicle EMIs, Home loan EMIs, school fees, childcare costs, and family obligations begin to take centre stage.

# Amazon cutting 16,000 jobs in latest layoff round, employees from India among those hit: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Amazon announced on Wednesday that it will cut 16,000 corporate positions, marking the company's second major layoff in the past four months. The layoffs represent the latest large-scale workforce reduction since October, when Amazon cut 14,000 roles.

Internal Slack messages reportedly revealed that those being hit by the latest round of




layoff are employees in the US, UK, and India. According to those messages, employees in US, UK and India have been notified about the job cuts, Business Insider reported, adding that the affected groups span multiple areas of the business. Those affected in the latest layoff include teams within Amazon Web Services, such as the Bedrock AI cloud service, the Redshift cloud data warehouse, and the ProServe consulting unit, along with retail-focused teams like the Prime subscription business and the last-mile Delivery Experience organisation, the report said. Many employees impacted by the cuts who posted in an internal Slack channel asking for job leads were working in software engineering positions. Amazon said it is giving "most" US-based employees a 90-day window to look for another role within the company. Workers who do not secure a new position, or choose not to pursue one, will be eligible for assistance that includes severance pay and continued health insurance coverage.

# बिना हेलमेट गाड़ी चलाने वाले 2384 चालकों पर कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। ट्रैफिक पुलिस बिना हेलमेट गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई कर रही है। शहर में अलग-अलग जगह ये कार्रवाई की जा रही थी। इसके साथ ही वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए अभियान भी चलाया जा रहा है, बावजूद इसके कई लोग बिना हेलमेट के ही अपनी गाड़ियां चला रहे है। ट्रैफिक पुलिस लगातार जागरूकता प्रोग्राम और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई कर रही है।



रोड़ एक्सीडेंट में मौतों को रोकने और लोगों में सड़क सुरक्षआ के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से अभियान और कार्रवाई की जा रही है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा शहर के पलासिया चौराहा, विजय नगर चौराहा, महूनाका चौराहा, चाणक्यपुरी चौराहा, राजीव गांधी चौराहा पर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। वहीं दूसरी तरफ अनाउंस कर हेलमेट के महत्व को भी समझाया जा रहा है। ट्रैफिक रथ की डिजिटल स्क्रीन पर सड़क सुरक्षा के वीडियो भी दिखाए जा रहे है, इसके अलावा जागरूकता प्रोग्राम और रैलियां भी निकालकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। 28 जनवरी को चलाए गए विशेष अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने अलग-अलग जगह कार्रवाई करते हुए हेलमेट नहीं लगाने वाले 2384 के खिलाफ और अन्य धाराओं में 2690 पर चालानी कार्रवाई की गई।

वहीं ट्रैफिक पुलिस द्वारा ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सतत कार्रवाई की जा रही है, जिनके द्वारा बार-बार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है और आईटीएमएस कैमरों के माध्यम से उनके खिलाफ ई-चालन बनाए गए है। विजय नगर चौराहे पर हेलमेट जागरूकता विशेष अभियान के दौरान सुबेदार अरुण सिंह ने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हुए एक्टिवा सवार को रोका। जांच में पता चला कि उनसे 17 बार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया और चालानों का जुर्माना जमा नहीं किया। पुलिस ने एक्टिवा को जब्त करने की कार्रवाई की।

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
विज्ञापनों और ख़बरों के लिए बड़ा धमाका!
अब अपने व्यापार, ईवेंट या जाहिर सूचना को पहुँचाएँ जन-जन तक।
सेवाएँ: समाचार, विज्ञापन, जाहिर सूचना और कानूनी नोटिस।
रेट: बाज़ार में सबसे कम (न्यूनतम दर)।
अपनी फाइल अभी भेजें और उचित स्थान पाएँ।
संपर्क:
मनीष धार्मिक
मो. 9770313335

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth.
www.detectivegroup.in
www.detectivesgroup.com
9111050101




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक